# COURT OF CIVIL JUDGE (Jr. Div.) - II, MADHUBANI

**Title Suit No.- 35/2022** ज्ञानचन्द्र यादव वो0

**C I S No. - 293/2022** बनाम

हरि नारायण यादव वो0

| DATE | O R D E R | Office action taken with date |
|---|---|---|
| 10.07.2025 | वादी वकालतन उपस्थित हैं, उचित पैरवी करें। प्रतिवादी अनुपस्थित हैं। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि वादी का यह हकियत वाद दिनांक 14.11.2022 को प्रतिग्रहित किया गया एवं प्रतिवादी द्वारा दिनांक 11.09.2023 ब्यान तहरीर दाखिल किया गया। प्रतिवादी दिनांक 24.11.2023 से अनुपस्थित चले आ रहे हैं। वर्तमान में यह वाद दिनांक 12.03.2025 को, वाद बिंदु के निर्धारण के पश्चात् से ही वादी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु चला आ रहा है परंतु वादी को न्यायालय द्वारा निर्देश मिलने के पश्चात् भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने के कारण उन्हें दिनांक 23.06.2025 को साक्ष्य प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया गया था। जिसकी आज अंतिम तिथि है परंतु आज भी वादी की ओर से वकालतन हाजरी दी गई है एवं पुकार करने पर वादी की ओर से कोई भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। ऐसा प्रतित होता है कि उन्हें इस वाद की कार्यवाहीं को आगे बढ़ाने में कोई अभिरूची नहीं है। ऐसे में हकियत वाद 35/2022 (C I S No. - 293/2022) को अदम पैरवी में **खारिज** किया जाता है।<br><br>कार्यालय अभिलेख, अभिलेखागार में जमा करें।<br><br>लेखापित<br><br>(श्री प्रतीक रंजन चौरसिया)<br><br>व्यवहार न्यायाधीश, कनीय श्रेणी-द्वितीय | |